हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

नए मतदाता एवं छूटे हुए पात्र नागरिक 8 एवं 9 अक्टूबर को भी निकटतम मतदान केंद्र पर करा सकते हैं पंजीयन

मण्डला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार मंडला जिले के समस्त मतदान केंद्रों पर नए मतदाताओं के पंजीयन तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को शिविर के प्रथम दिन जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं पंजीयन संबंधी प्रक्रिया पूरी की। विशेष शिविर का आयोजन 7 से 9 अक्टूबर तक किया जा रहा है। शिविर के दौरान ऐसे सभी पात्र नागरिक, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अथवा पात्र नए मतदाता, अपने निकटतम मतदान केंद्र पर पहुंचकर नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। मतदाता पंजीयन की सुविधा ऑनलाइन भी उपलब्ध है। पात्र नागरिक म्ब्छम्ज् के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर अपना मतदाता पंजीयन आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बार प्रक्रिया को और सरल बनाया गया है तथा पूर्व में मांगे जाने वाले घोषणा-पत्र की आवश्यकता नहीं होने से नागरिकों के लिए पंजीयन प्रक्रिया अधिक सहज हो गई है। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष शिविर का लाभ उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। यदि आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है या कोई पात्र मतदाता नाम दर्ज होने से छूट गया है, तो 8 एवं 9 अक्टूबर को अपने निकटतम मतदान केंद्र पर पहुँचकर पंजीयन अवश्य कराएं।

विकसित भारत के संकल्प के साथ निकली सेवा ज्योति यात्रा

पीएम मोदी के संदेश से कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

*** सेवा, सुशासन के स्वर्णिम 25 वर्ष पर तीनों विधानसभा में निकली यात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा रानी दुर्गावती महाविद्यालय से प्रांरभ हुई। यात्रा के सर्वप्रथम महाविद्यालय में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गानो की प्रस्तुति के साथ हुई। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव उद्बोधन सुना। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मंडला जिले से करीब 2850 कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। इनमें मंडला विधानसभा से करीब 1560, निवास विधानसभा से 720 और बिछिया विधानसभा से करीब 570 कार्यकर्ता शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऊर्जावान उद्बोधन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी रहा। उनके विचारों से कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण और संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने की नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण भाजपा की कार्य संस्कृति का हिस्सा है और इसी भावना के साथ कार्यकर्ता समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को सेवा, संगठन और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जोड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री के उद्बोधन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और संगठन के लिए और अधिक सक्रियता से कार्य करने का संकल्प पैदा किया है। वहीं अतिथियों के संबोधन के बाद दीप प्रज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण में अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और संकल्प को समर्पित करने की प्रतिज्ञा ली। मंडला विधानसभा में सेवा ज्योति यात्रा ने मंडला नगर, मंडला ग्रामीण और पदमी क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके बाद यात्रा बम्हनी, चिरईडोंगरी, नैनपुर ग्रामीण और नैनपुर क्षेत्र से होकर आगे बढ़ी। निवास विधानसभा में यात्रा फूलसागर से प्रारंभ होकर बकोरी, नारायणगंज, बीजाडांडी, बबलिया और मोहगांव होते हुए निवास की ओर रवाना हुई। इसी प्रकार बिछिया विधानसभा में सेवा ज्योति यात्रा कार्यस्थल से प्रारंभ होकर अंजनिया, घुघरी, सलवाह, बिछिया और मवई होते हुए घुटास की ओर रवाना हुई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, देवसिंह सैयाम, भाजपा नेता डॉ विजय आनंद मरावी, प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा नीरज मरकाम, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा शशि पटेल, नगरपालका नैनपुर अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, बम्हनी मंडल अध्यक्ष मीना हरदहा, पदमी मंडल अध्यक्ष, ललित लोधी, जिला कार्यक्रम प्रभारी उत्कर्ष यादव मंचासीन रहे। साथ ही कार्यक्रम में सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चो के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





संकल्प पारित होने के बावजूद नहीं बदला रेलवे स्टेशन का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



05 अक्टूबर को पूरा देश गोंडवाना साम्राज्य की महान शासिका और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती जी का जन्मदिवस मना रहा है। लेकिन मण्डला की जनता के मन में आज भी एक गहरा असंतोष और सवाल बना हुआ है। 24 जून (बलिदान दिवस) से लेकर आज 5 अक्टूबर (जयंती) तक का समय बीत जाने के बाद भी मण्डला रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रवीरांगना रानी दुर्गावती रेलवे स्टेशनर करने की प्रक्रिया ठप पड़ी है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश विधानसभा में 05 दिसंबर 2025 को बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा प्रस्तुत अशासकीय संकल्प (क्रमांक-08) को सर्वसम्मति से पारित किया गया था। इस संकल्प में मण्डला रेलवे स्टेशन का नाम बदलने और प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का मण्डला तक विस्तार करने की मांग की गई थी। विधानसभा में प्रस्ताव पास होने के इतने महीनों बाद भी मामला केंद्र और रेल मंत्रालय की फाइलों में अटका हुआ है। मण्डला की जनता अब क्षेत्रीय सांसद फागन सिंह कुलस्ते और विधायक से सीधे सवाल पूछ रही है। क्या सांसद कुलस्ते जी ने इस जनभावना और विधानसभा के संकल्प को रेल मंत्री के समक्ष मजबूती से उठाया? यदि प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है, तो उस पर अब तक क्या प्रगति हुई है? क्या मण्डला की अस्मिता और रानी दुर्गावती जी का सम्मान सिर्फ भाषणों और विज्ञापनों तक सीमित रहेगा? स्थानीय नागरिकों और आदिवासी समाज का कहना है कि वीरांगना रानी दुर्गावती जी का इतिहास और बलिदान देश के लिए गर्व का विषय है। स्टेशन का नाम बदलना कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि मण्डला की अस्मिता और जनजातीय गौरव से जुड़ा निर्णय है। आज जयंती के पावन अवसर पर मण्डला वासियों ने पुनः मांग की है कि केंद्र सरकार और सांसद फागन सिंह कुलस्ते जी त्वरित हस्तक्षेप कर मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर वीरांगना रानी दुर्गावती रेलवे स्टेशन, मण्डला करने की अधिसूचना जारी कराएं।

सुभाष वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ

मण्डला। राष्ट्रीय कृमिमुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ शहरी क्षेत्र मंडला के सुभाष वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 में किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा द्वारा बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 9 अक्टूबर 2026 को मॉप-अप दिवस का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास प्रभावित होने के साथ ही संक्रमित हितग्राहियों के पोषण एवं अवशोषण स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अभियान के तहत शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य केंद्रों, आदिवासी आश्रम शालाओं, स्नातक महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा केंद्रों, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत संचालित चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की गैर-गर्भवती महिलाओं को कृमिनाशन की दवा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों तथा 20 से 49 वर्ष की गैर-गर्भवती महिलाओं से अभियान में शामिल होकर एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

भीमडोंगरी विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमडोंगरी में बुधवार को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं बेहतर करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सही समय पर उचित मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार बेहतर करियर का चयन कर सकते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष विजेंद्र मरकाम, सरपंच करन सिंह मरावी, अक्षय परते, भागवत प्रसाद गहलोत, धन्नू सिंह सैयाम, प्राचार्य पी.के. पटेल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएंउपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने भविष्य और करियर से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया गया।



बम्हनी बंजर में बार-बार उठ रहे पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता पर सवाल, गाड़ियां ले रही झटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनीबंजर



नगर में पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आने लगी हैं। हवेली क्षेत्र सहित आसपास के वाहन चालक परेशान हैं। वाहन चालकों का कहना है कि पेट्रोल भरवाने के बाद गाड़ियां चलते समय अचानक झटके लेने लगती हैं और कई बार बीच रास्ते में बंद भी हो जाती हैं।

स्थानीय वाहन मालिकों का आरोप है कि पेट्रोल पंप से मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता संदिग्ध है। उनका कहना है कि पेट्रोल भरवाने के बाद ही वाहनों में समस्या शुरू हो रही है। कई वाहन चालक अपनी गाड़ियां लेकर वर्कशॉप पहुंच रहे हैं, जहां खराब वाहनों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है

मिस्त्री सुखदेव रजक, का कहना है कि ईंधन की गुणवत्ता खराब होने की वजह से इंजन, फ्यूल पंप और इंजेक्टर जैसे महंगे पार्ट्स प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि पेट्रोल में मिलावट की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

प्रशासन से सैंपल लेकर जांच कराने की मांग

वाहन मालिकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से पेट्रोल पंपों से ईंधन के सैंपल लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराने की मांग की है।

लगातार वाहनों के खराब होने की शिकायतों से वाहन मालिकों में चिंता बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है की मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।।



अभियान | **अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ही मिलती है सफलता-पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी।**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में 'सेवा संकल्प अभियान'

*** 'प्रोजेक्ट संकल्प' के तहत करियर कार्यशाला का भव्य आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में 'सेवा संकल्प अभियान' एवं 'प्रोजेक्ट संकल्प' के अंतर्गत एक वृहद करियर कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भविष्य की राह दिखाना और देश सेवा के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में पुलिस अधीक्षक मण्डला राजेश रघुवंशी, डीएसपी सतीश चतुर्वेदी और 33वीं वाहिनी की डिप्टी कमांडेंट रुचिता चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

लक्ष्य के प्रति एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा कि अनुशासन से ही सफलता मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीवन में एक कड़ा अनुशासन, अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना और बिना रुके निरंतर आगे बढ़ते रहने की ललक ही किसी भी व्यक्ति को उसकी मंजिल तक पहुँचाती है। उन्होंने छात्रों को समय का सदुपयोग करने और विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित न होने की सीख दी।

कार्यशाला में डीएसपी सतीश चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को पुलिस विभाग, अर्धसैनिक बलों ,और भारतीय सेना में करियर बनाने की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने इन सेवाओं में चयन की पूरी पद्धति, शारीरिक और मानसिक योग्यता तथा लिखित परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। 33वीं वाहिनी की डिप्टी कमांडेंट रुचिता चतुर्वेदी ने विशेष रूप से छात्राओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि लड़कियों के लिए पुलिस विभाग में बेहतरीन करियर के अवसर मौजूद हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता की राह की यात्रा स्कूली जीवन से ही शुरू हो जाती है, इसलिए अभी से अपने सपनों को उड़ान देने के लिए सही दिशा में मेहनत शुरू कर दें।

कार्यक्रम का बेहतरीन संयोजन करते हुए करियर काउंसलर अखिलेश उपाध्याय ने विद्यार्थियों को करियर निर्धारण की महत्ता के बारे में विस्तार से समझाया। अग्निवीर एवं एन सी सी के फायदों से अवगत कराया।

इस अवसर पर शिवनारायण झारिया, कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस प्रवीण अग्रवाल, सेकंड ऑफिसर एनसीसी संजय धनगर,आर.के. हरदहा सहित विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



गढ़ मंडला की महारानी वीरांगना दुर्गावती जी की जन्म स्थल कालिंजर किले से आए रज कलश का किया गया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

5 अक्टूबर 2026 रानी दुर्गावती जी के 502 वी जन्म जयंती के अवसर पर वीरांगना महारानी दुर्गावती जी के जन्म स्थल कालिंजर किले से आए राज कलश की पुष्पांजलि सेवा भारती मंडला द्वारा संचालित बालिका छात्रावास देवदरा में छात्राओं के बीच किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुशील वर्मन जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मंडला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष झारिया ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कार्यक्रम की अध्यक्षता शेर सिंह कुड़ापे सरपंच देवदरा एवं विश्राम कुशराम सरपंच गौंझी रहे विशेष महिला अतिथि के रूप में श्रीमती ग्यारसी कुश राम दीदी रही एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रमोद मरावी जी रहे संपूर्ण मंडला जिले में रानी दुर्गावती जी के जन्मस्थली के रज कलश वंदन अभियान के संयोजक आशीष नामदेव के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया कार्यक्रम की सफलता का आभार प्रदर्शन बालिका छात्रावास की अधीक्षक दीदी शीतल विश्वकर्मा के द्वारा किया गया आगामी समय में इस जन्म स्थल से आए रज कलश के पूजन कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करवाने हेतु मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मंडला के सहयोग से मंडला जिले के सभी 9 विकासखंडों में एवं ग्रामों में देव देवालयो में एवं विद्यालयों में पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए ले जाया जाएगा।

खबर संक्षेप

गंदगी के बीच हो रही जल सप्लाई से फैल सकती है बीमारियाँ

सांईखेड़ा। जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को शुद्व पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए गांव गांव जल सप्लाई व्यवस्था की जा रही है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पंचायतों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत कुछ गांवों में देखने मिली रही है जहां पर पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों के घरों में दूषित पानी पहुंचने की संभावना स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है? इस संबंध में बताया जाता है कि पंचयात द्वारा नल जल योजना के तहत ग्राम के लोगों के घरो तक जल पहुंचाने के लिए लगाई गई लाईन के चैम्बरों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह गंदगी के बीच होने के कारण जब जल सप्लाई की जाती है तो नाली का गंदा पानी रिस्ते हुए अंदर तक पहुचने में कोई कसर नही छोड़ता है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से खुले पड़े हुये चैम्बर आम लोगो की जान के लिए खतरा बनने से भी नही चूक रहे है? क्योंकि मार्ग के किनारे इस प्रकार से खुले पड़े हुए चैम्बरों में आये दिन लोग गिरने के कारण घायल होते हुए भी देखे जा रहे है, मगर इस ओर पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही देने से यह अनुमान लगने लगा है कि कही ऐसा तो नही कि पंचायत द्वारा किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो? जिसके चलते लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुए पंचायत द्वारा ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही इस प्रकार से खुले पड़े हुए चैम्बरों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।

बंदूक लायसेंसधारी भी गरीबों की योजना पर कर रहे अतिक्रमण

सांईखेड़ा। जिस प्रकार से सरकार द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले लोगों का भला करने की उद्वेश्य को लेकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उसका लाभ गरीबों को मिलने की जगह बड़े बड़े जमीदार लोग लेते हुए दिखाई दे रहे है, यदि सही मायने में देखा जावे तो इस योजना के तहत पात्र हितग्राही वही माने जाने है जिनके पास तीन एकड़ से कम जमीन हो, मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गरीब रेखा सूची में अनेक इस प्रकार के लोगों के नाम देखने आसानी से मिल सकते है जिनके पास ट्रेक्टर से लेकर खेतों में नलकूप पानी दे रहे है इतना ही नही यदि गरीबी रेखा सूची की सच्चाई को जानने के लिए गहराई से खोज की जावे तो बंदूक के लाईसेंसधारी लोगों के नाम भी इस सूची में मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जिसमें देखा जावे तो इस समय जनपद पंचाय सांईखेड़ा के अन्तर्गत अनेक ग्रामों में बनी गरीबों की लिस्ट को देखा जावे तो बड़ा आश्चर्य होता है। क्योंकि ब्लाक के पास उपलब्ध गरीबी सूची का यदि ईमानदारी से मुआवना किया जावे तो अनेक चौकाने वाले नाम सामने आ सकते है और उन लोगों तक नाम है जिनके पास टेक्ट्रों से लेकर अनेक मोटर साईकिले तथा कई एकड़ जमीन है और जिनके बच्चें अधिक फीस वाले मंहगे स्कूलों में पढ़ने शहर जा रहे है, इतना ही नही गई लोगों के पास तो बंदूकों का लाईसेंस होने के बाद भी गरीब बने है। अधिकांश लोगों की स्थिति तो यह तक बन बनी है कि वह कई एकड़ जमीनों में धनी होने के बाद जमीन बच्चों के नाम कर शासन की वृद्वावस्था योजना का भी पूरा लाभ लेते हुये देखे जा रहे है,।

अनेक गांवों में गरीबी के हकदारो को नही मिलें नीले राशन कार्ड

सांईखेड़ा। म. प्र. सरकार ने गरीबो के हित में अनेक योजनाएँ संचालित की हैं किन्तु विडम्बना की बात है इन योजनाओं का लाभ या तों अशिक्षित होने से गरीब नही उठा पाते या शासकीय कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गरीबों को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है? इस बात की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में दिखाई पड़ रही है? बताया जाता है कि गांवों के सही मायने में गरीबों, शासन से मिलने वाली सुविधाओं के हकदारो ने काफी समय पूर्व गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दिए थे, मगर आश्चर्य की बात है कि अभी तक प्रशासन की प्रक्रिया के तहत गरीबो के नाम बी.पी.एल.सूची में दर्ज नहीं किए गए है?

आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने के साथ साथ दुर्घटनाओं की बन रही संभावना...?

टेलीफोन एक्सचेंज सहित चीचली तिरहा के पास लगने वाला साप्ताहिक बाजार यातायात के लिये नासूर साबित हो रहा





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में वाहन मालिकों से लेकर यातायात व्यवस्था की सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्योंकि शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कुलियों व कालोनियों में फैला हुआ अतिक्रमण यातायात के लिये बाधक बन रहा है तो दूसरी ओर वाहन मालिकों की मनमानी का नजारा इस तरह से देखने मिल रहे है कि वह अपने घरों के सामने मुख्य मार्गो पर जिस तरह बड़े बडें वाहनों को खड़ा करते देते है जो कई दिनों तक एक ही स्थान पर खड़े रहने के कारण जहां यातायात के लिये बाधक बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह सड़को पर अघोषित रूप से कब्जा करते हुये वाहन खड़े करने वाले नगर के अनेक प्रभावशाली लोग होने के कारण प्रशासन के अधिकारी भी इनके खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नही जुटा पाने के कारण वह भी सोचते है कि जैसा चल रहा है वैसा चलता रहे अपन हे क्या लेना है...?

मगर इसका परिणाम नगरवासियों के लिये भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि जहां तहां जाम की स्थिति बनने के कारण लोग परेशान होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर यदि शहर से हटकर नगर की स्थिति पर नजर डाली जावे तो नगर के पलोटन गंज क्षेत्र यानि की जमाड़ा रोड़ टेलीफोन एक्सचेंज व रेल्वे स्टेशन मार्ग यानि की चीचली तिरहा के पास लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार पूर्णरूप से यातायात व्यवस्था के लिये जहां नासूर साबित होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने की सोच से आने वाले दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है..? नगर के टेलीफोन एक्सजेंच के पास प्रति सप्ताह यानि की शुक्रवार को लगने वाले इस सब्जी बाजार का हाल इस तरह से देखने मिलता है कि यहां पर कोई उपयुक्त जहां नही होने के कारण जहां सभी दुकानदार अपनी दुकाने मुख्य मार्ग के दोनों ओर लगाते है और सामग्री खरीदने के लिये पहुंचने वाले ग्राहक सड़क पर खड़े होकर ही खरीदारी करने के कारण शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक यहां की स्थिति इस तरह बन जाती है कि लोगों को वाहन निकलने की बात तो दूर पैर रखने के लिये जगह मिल पाना भी मुश्किल हो जाता है। जबकि गौर किया जावे तो यह स्थान गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण इस गांवों से दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन शहर अपने बडे बडे वाहनों से आना जाना करते है तो दूसरी ओर क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी इसी मार्ग से निकलते हुये देखे जाते है। इतना ही नही इस मार्ग से शहर में पढ़ाई करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र छात्राओं का निकलना भी होता है। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार यातायात के लिये जहां नासूर साबित तो हो ही रहा है दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने के लिये आने वाले दुकानदारों से लेकर उनके ग्राहकों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है?

यह बात अलग है कि नगर के टेलीफोन एक्सचेंज व चीचली तिरहा पर लगने वाले इन साप्ताहिक बाजारों की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के चलते कुछ साल पहले तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सृष्टि देशमुख व तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी ए पी गहिरवार द्वारा गंभीरता से लेते हुये शुक्रवार के दिन टेलीफोन आफिस के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन करने के लिये प्रयास शुरू किये गये थें और इसी के चलते नाजूल की खाली पड़ी हुई भूमि पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग यानि की संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास नाप तोल कराते हुये वहां पर प्लेट फार्म का निर्माण कराते हुये शीघ्र ही इस साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन के प्रयास शुरू कर दिये गये थें। इसी के चलते नगर पालिका द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लाखों रूपया शासकीय राशि के रूप में खर्च करते हुये पक्के प्लेट फार्म का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे अनुमान लग रहा था कि अब शीघ्र ही यह साप्ताहिक बाजार इस प्लेट फार्म पर शुभारंभ होने से जहां यहां पर पैदा होने वाली यातायात की परेशानी से निजात मिल जावेगी तो दूसरी ओर इस बाजार में अपनी दुकाने लेकर आने वाली दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी भी सुरिक्षत हो जावेगी..? इस प्रकार टेलीफोन एक्सजेंच के पास लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार से पैदा होने वाले खतरें को लेकर अधिकारियों द्वारा जिस तरह से तत्परिता दिखाते हुये जगह परिवर्तन करने के लिये किये गये प्रयासों की सराहना की जा रही थी।

मगर इन्ही प्रयायों के दौरान पंचायत चुनाव से लेकर नगरीय निकाय चुनावों का बिगुल बज जाने के चलते इस साप्ताहिक बाजार का स्थल परिवर्तन होने की कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई थी। ऐसा लग रहा था कि नई नगर पालिका परिषद का गठन होने के बाद इस प्रक्रिया को पूरा किया जावेगा। मगर इसके बाद वर्षो का समय बीते जाने के बाद भी यह प्रक्रिया पूर्ण नही हो पाई है। वही बैठकी बाजार के लिये लाखों रूपया की राशि से बनाया गया प्लेट फार्म बगैर उपयोग हुये ही टूटते हुये नजर आने लगा है। इस तरह सरकारी धन भी खर्च हो चुका है और परेशानी जहां की तहां देखाई दे रही है...? इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि हर शुक्रवार के दिन टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क पर लगने वाले बाजार के दौरान लोगों की अपनी जिन्दगी खतरे में डालते हुये देखा जा रहा है। वही यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है...? आमजन का कहना है कि कही ऐसा तो नही कि यहां पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की निंद्रा भंग हो पायेगी...? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान जाने मगर नगरवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सहित अनुविभागीय अधिकारी व नगर पालिका अधिकारी से मांग करते हुये कहा जा रहा है कि शीघ्र ही इन साप्ताहिक बाजारों की जगह परिवर्तन की जावे नही तो किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

पशु चिकित्सालय को बना डाला वाहन स्टेन्ड, विभाग की उदासीनता के चलते अवैधानिक गतिविधियों के रूप में बन रही पहचान



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। संबंधित विभाग की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम के चलते शासकीय संस्थाओं का किय तरह लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये दुरूपयोग किया जा रहा है इसकी सच्चाई इस समय सालीचौका पशु चिकित्सालय केन्द्र में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि यह केन्द्र जहां शासन द्वारा पशुओं के उपचार के लिये स्थापित किया गया था। मगर अधिकारियों की मिली भगत कही जावे या फिर उदासीनता के चलते जहां इस केन्द्र से लेकर परिसर में लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये जहां वाहन स्टेन्ड का रूप दे डाला है। वही दूसरी ओर यहां पर होने वाली अवैधानिक गतिविधियों के चलते एक नई पहचान बनते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि सालीचौका पशु चिकित्सालय में फैले हुये अवैध अतिक्रमण के चलते यह शासकीय संस्था कम व वाहन स्टैंड के रूप में दिखाई देने से नही चूक रहा है। इतना नही नही यहां पर शाम होते ही होने वाली शराब खोरी के चलते अहाता बनने से नही चूक पा रहा है। बताया जाता है कि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते यहां पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा अपना कब्जा जमाते हुये इस शासकीय संपत्ति का दोहन करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इस स्थिति में इस केन्द्र के माध्यम से क्षेत्र के पशु पालको को लाभ मिलना मुश्किल होते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है।

बेमौसम बारिश के साथ हुई ओला वृष्टि ने किसानों को डाला चिंता में



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। लगभग बिदाई ले चुके हुये मानसून के बाद अब क्षेत्र का अन्नदाता बर्बाद हुई अपनी सोयाबीन फसल जो शेष बची हुई है उसकी कटाई में जुटा हुआ देखा जा रहा है। वही धान उत्पादक किसान भी अपनी धान फसल की कटाई की तैयारियों में जुटा हुआ नजर आने से नही चूक रहा है। मगर जिस प्रकार से बीते हुये बुधवार की दोपहर के बाद अचानक आसमान पर काले बादल छाने के साथ तेज हवा के बीच हुई चंद घंटे की बारिश के साथ गिरे हुये ओलों ने अन्नदाता के चेहरों पर एक बार फिर चिंता की लकीरे खीचने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वैसे भी देखा जावे तो इस वर्ष लगातार हुई बारिश के चलते किसानों द्वारा अपने खेतों में बोई गई सोयाबीन की फसल काफी हद तक बर्बाद होने से नही बच पाई थी। मगर जो फसल किसी तरह सुरक्षित बची हुई थी तो इस समय क्षेत्र का अन्नदाता उसकी कटाई में जुटा हुआ देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर धान का उत्पादन करने वाले किसानों के खेतों में भी धान फसल तैयार होकर कटने के लिये खडी हुई नजर आ रही है। मगर इस बीच जिस तरह प्रकृति का खेल चलते हुये देखा जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि शायद वह अन्नदाता को पूर्ण रूप से बर्बाद करने के बाद ही मानेगी..? बताया जाता है कि बुधवार को दोपहर के बाद जिस तरह अचानक आसमान पर काले बादलों की गडगडाहट के बीच तेज हवा के बीच क्षेत्र के अनेक गांवों में चना के समान ओले की बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दिया गया है। इस तरह हुई बेमौसम बारिश के चलते जहां किसानों का सोयाबीन कटाई का काम तो प्रभावित हुआ ही है। वही दूसरी ओर ओला वृष्टि के चलते सोयाबीन फसल को भी क्षति पहुंचने से नही चूक पाई है। वही दूसरी ओर तेज हवा के चलते अनेक जगहों पर पेड गिरने के कारण बिजली व्यवस्था भी बाधित होते हुये देखी गई। यदि मौसम का यही हाल बना रहा तो निश्चित तौर से अन्नदाता को बर्बाद होने से बच पाना मुश्किल होने से नही चूक पायेगा।

फुटपाथ पर सज रही दुकानों से प्रभावित हो रही यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि स्थानीय झंडा चौक से लेकर सब्जी मंडी तक एवं झंडा चौके से लेकर पुरानी पुलिस चौकी तक सड़कों कें किनारे बने फुटपाथ पर दुकानें सजना आम होता जा रहा है। इन मार्गो में सड़क के किनारे का भाग सज रही सब्जी, फल सहित अन्य प्रकार की सामग्री विक्रय होने वाली दुकानों के चलते अतिक्रमण की चपेट में आ रहा है। ज्ञातव्य हो कि इस समय त्यौहारी सीजन होने के चलते दुकानदारों में ग्राहकों को लुभाने की होड़ सी लगी हुई है। जिस कारण वे अपनी दुकानों को बाहर की ओर लगाना पसंद कर रहे है। दुकानदारों की बिक्री की जाने वाली समग्री फुटपाथ पर सजने लगी है। नगर के हृदय स्थल झंडा चौक, शिवालय चौक, श्याम टाकीज रोड जाने वाले मार्ग, पानी टंकी शासकीय चिकित्सालय वाला मार्ग के बाद अब गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले कामती मार्ग यानि की स्टैट हाईवे पर सब्जी का नया बाजार सज चुका है। इस तरह दुकानों के सामनें रखी जाने वाली सामग्रियों रोड पर रखना आम रिवाज बन चुका है। क्योंकि दुकानदार अपनी दुकान को अलग अलग दिखाने की चाहत में दुकान के अंदर रखी हुई सामग्रियों को बाहर निकाल कर रख रहे है। ताकि उपभोक्ता आकर्षित होकर सामग्री को क्रय कर सके, इस तरह बाहर रखी हुई सामग्रियां जहां एक ओर ग्राहकों कों आकर्षित अवश्य कर रही है। वही सड़कों पर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। वही दूसरी ओर कुछ हाथ ठेलों पर सामन बेचने वाले जिसमें प्रमुख रूप से फल विक्रेताओं द्वारा पूर्णरूप से मुख्य सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया गया है। यह मार्ग नगर का सबसे व्यस्तम क्षेत्र होने के साथ साथ नगर का मुख्य सड़क मार्ग भी है। इस तरह की आवो हवा में राहगीरों को गुजरने में कठिनाईयों के साथ मार्ग को तय करना पड़ रहा है। वर्तमान परिवेश में जहां वाहनों में वेतहाशा वृद्धि हुई है व नगर में दौड रहे दो पाहिया वाहन चार पाहिया वाहनो में इजाफा होने के साथ साथ इस सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीरों को चलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि पैदल चलने वालों के लिए भी इस व्यस्तम सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो रहा है। इस अव्यवस्था कें चलते पैदल चलने वाले लोगो को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दुकान संचालकों की मनमानी से वाहनो से सड़क पर निकालने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है दुकानों के सामने रखा हुआ सामान दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है..? नगर के इस भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र पर छुट पुट बारदातें सामने आती रहती है वही शाम के वक्त यहां के हालत और भी बत्तर हो जाते है, जिस कारण शाम के समय सडकों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। वही दुकानदारों की मनमानी के चलते सामने रखी समग्रियां वाहनों को निकलने मे परेशानी पेदा कर रहा है। यदि समय रहते नगर की सड़कों पर दिनों दिन बढ़ रही अतिक्रमण पर रोक नही लगी तो सड़के दुकानों में तब्दील हो जावेगी जिसके चलते लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल होने से नही चूकेगा।

शुद्व के लिये युद्व पर सवाल खड़े कर रही है दूध में मिलावट की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां प्रदेश के मुखिया द्वारा मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है। मगर देखा जा रहा है कि जिस तरह दूध में मिलावट का धंधा चल रहा है और उसकी अधिकारियों द्वार की जा रही अनदेखी निश्चित तौर से शुद्व के लिये योद्व पर सबाल खडे करने से नही चूक रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय नगर में देखा जावे तो बाहर से आने वाले दूध विक्रय करने वालो की जांच न होने से मिलावटी दूध की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है? दूध में पानी की मात्रा का प्रतिशत चल रहे शादियों के सीजन से मांग और खपत में अंतर आने के कारण दिनों दिन बढ़ती जा रही है? वही दूध में पौष्टिक पदार्थ की मात्रा मिलावट के कारण घटती जा रही है। इस प्रकार से दूध मे मिलावट होने से आम जनों को परेशानी एवं चिंता बनती चली जा रही है। क्योंकि बच्चो को मिलावटी दूध देने से बीमारी का खतरा बन रहा है? किंतु संबंधित विभाग अधिकारियों को शयद इस बात की कोई चिंता नही रहती है, जिसके कारण दूध विक्रेता शासन प्रशासन के नियम कानून कायदो को ताक में रख अपनी मन मर्जी के अनुसार मिलावटी दूध का कारोबार धडल्ले से करते हुये देखे जा रहे है तथा नगर में लोगों को दूध के नाम सफेद पानी खरीदना पड़ रहा है? वैसे तो नगर में गिनती की डेरी है, किंतु बाहर से आने वाला दूध गली मोहल्लो में साइकिलो से बेचने वालों की एक लंबी कतार रहती है। जिनका दूध बेचने को कोई भाव नही रहता, इसी तरह सैकड़ो लीटर दूध गांवो से आता है, जिनकी कभी भी किसी तरह जांच नही होती है। इसी के चलते मिलावटी दूध विक्रेताओं के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। वही आम नागरिको के स्वास्थ्य के साथ दूध बेचने वाले एवं इनके निरीक्षण करने वालो द्वारा की जा रही अनदेखी के चलते खिलबाड़ होने से नही चूक रही है। इसी के चलते आमजन द्वार संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि दूध के नाम पर नगर में जो खुले आम पानी अन्य प्रकार की मिलावट करते हुये बेचा जा रहा है उसकी जांच करते हुये मिलावटर खोरों के खिलाफ कार्यवाही की जावे।

बनवारी के सुनील उर्फ पप्पू का हुआ एक साल के लिये जिला बदर



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेडा। अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा अपना डंडा घुमाना शुरू कर दिया गया है। इसी के चलते बीते हुये दिवस सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनवारी निवासी सुनील को जिला दंड अधिकारी द्वारा एक साल के लिये जिला बदर आदेश जारी किया गया है। बताया जाता है कि मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने क्षेत्र के आदतन अपराधी को पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनवारी के सुनील उर्फ पप्पू मेहरा पिता महादेव मेहरा को जिला बदर किया गया है। सुनील उर्फ पप्पू मेहरा को नरसिंहपुर जिला और उससे लगे जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने सुनील उर्फ पप्पू मेहरा को आदेशित किया है कि वह उक्त आदेश की प्राप्ति के 48 घण्टों के भीतर उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे तथा अपने आचरण में सुधार करे। साथ ही इस जिले की सीमाओं में एक वर्ष की अवधि तक जिला दण्डाधिकारी की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करे। जिला बदर की अवधि में जारी आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि सुनील उर्फ पप्पू मेहरा के विरूद्ध 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में सालीचौका की बेटी आयुषी ने प्रदेश स्तर पर पाया प्रथम स्थान



हारभाम न्यूज/सालाचाका। प्रदश क मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश की राजधानी भोपाल के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.टी. नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मेरे सपनों का भारत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में क्षेत्र के सालीचौका गुरुकुलम स्कूल की प्रतिभावान छात्रा आयुषी अहिरवार ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्रा आयुषी अहिरवार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। क्षेत्र की बेटी की इस उपलब्धि से ाजल का शक्षाणक एव सृजनात्मक प्रातभा का प्रदेश स्तर पर नई पहचान मिली है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में उत्कृष्ट कार्य एवं अभियान की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया है । यह सम्मान जिले में अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा किए गए प्रयासों और गतिविधियों के प्रभावी प्रयासों का प्रतिफल है।

खबर संक्षेप

डॉ. अरविंद डेहरिया ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



डिंडोरी। शासकीय महाविद्यालय बजाग के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार डेहरिया ने शारीरिक शिक्षा विषय में पीएच.डी. की उपाधि हासिल की है। उन्हें यह उपाधि 5 अक्टूबर 2026 को एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह के दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई।डॉ. डेहरिया ने अपना शोधकार्य डॉ. मेजर सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय "Effect of Law Intensity Skill Based Circuit Training on Selected Physical, Physiological and Skill Performance of Selected Inter College Hockey Players" रहा। शोध में इंटर कॉलेज हॉकी खिलाड़ियों के शारीरिक, शारीरिक-क्रियात्मक एवं कौशल प्रदर्शन पर हाई इंटेंसिटी स्किल बेस्ड सर्किट ट्रेनिंग के प्रभाव का अध्ययन किया गया।डॉ. डेहरिया वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय, बजाग, जिला डिंडोरी में क्रीड़ा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी, प्रो. अमर सिंह उद्दे, प्रो. प्रमोद कुमार वासपे, डॉ. के.पी. बरोंहे, डॉ. शिवराम नंदवंशी, आमिर खान, संजू सिंह परस्ते, निलेश दुफारे सहित सहकर्मियों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।<

जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

उमरिया। जनगणना 2027 के व्दितीय चरणके तहत जिले के जनगणना अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ । कलेक्टर एवं प्रमुख जनणगना अधिकारी श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में जिला पंचायत सभागार में जनगणना कार्य में संलग्न कर्मियों को गणना ब्लाक के गठन, उप गणना ब्लाक बनाने एवं अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता सहित उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाईश दी गई। राज्य स्तर से नियुक्त प्रशिक्षक अजय रजावत एवं महेंद्र यादव ने स्व गणना के विकल्प का प्रयोग करते हुए परिवार के सदस्य की सूचना पोर्टल के माध्यम से भरे जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया । इस दौरान बताया गया कि जनसंख्या गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से सामाजिक, आर्थिक,शैक्षणिक एवं प्रवास सहित 40 सवाल पूछे जाएगे , जिसे प्रगणक घर घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से एकत्रित करेंगे । प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव सहित चार्ज अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला अधिवक्ता की शिकायत पर 15 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं, न्याय की आस में पीड़ित

अनूपपुर। महिला अधिवक्ता मनीषा अहिरवार द्वारा 22 सितंबर 2026 को थाना कोतमा में लिखित शिकायत राजेंद्र पिता शुक्लू रैदास निवासी वार्ड नंबर 7 के खिलाफ की गई शिकायत के करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी प्रकार कोई कार्रवाई नहीं हुई शिकायतकर्ता महिला अधिवक्ता का आरोप है कि शिकायत के बावजूद मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने से आरोपी के हौसले बढ़ रहे हैं और वह स्वयं मानसिक तनाव एवं प्रताड़ना से गुजर रही हैं। महिला अधिवक्ता के अनुसार, उन्होंने संबंधित अधिकारी/थाने में अपनी शिकायत प्रस्तुत कर पूरे मामले से अवगत कराया था।

सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर डिंडोरी में बाइक और मशाल रैली का आयोजन







डिंडोरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'सेवा संकल्प यात्रा' के तहत बुधवार को डिंडोरी में 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान विशाल बाइक रैली एवं मशाल रैली निकाली गई।भाजपा मीडिया प्रभारी राज साहू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सेवा ज्योति यात्रा में सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य जनसेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना रहा। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम की अध्यक्षता चमरू सिंह नेताम ने की। इस अवसर पर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश सिंह परस्ते, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू व्यवहार, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी, जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह राजपूत, संतोष साहू, महेश सिंह धूमकेतु, इंदिरा धुर्वे, राजेंद्र प्रसाद दुबे, राकेश परस्ते, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा सुशील राय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला मीडिया प्रभारी राज साहू, सेवा ज्योति यात्रा प्रभारी संदीप सिंह तेकाम, जय सिंह मरावी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुसूचित जनजाति प्रीतम मरावी, मनोहर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता कृष्णलाल हस्तपुरिया, नगर परिषद डिंडोरी की अध्यक्ष सुनीता सरस, महिला मोर्चा अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, प्रियंका आर्मी, जनपद पंचायत शाहपुरा की आशा सिंह धुर्वे, जनपद अध्यक्ष डिंडोरी राजू उद्दे, जनपद पंचायत करंजिया की स्मिता अजय बर्मन, पार्षद दीपिका भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।भाजपा कार्यकर्ताओं ने '25 वर्ष राष्ट्रसेवा—विकसित भारत के संकल्प' के साथ जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

शिक्षण संस्थानों और छात्रावासों में लगेंगे नशा विरोधी बैनर



डिंडौरी।

जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित नारकोटिक्स संबंधी बैठक में शिक्षण संस्थानों एवं छात्रावासों में नशा विरोधी बैनर और फ्लेक्स लगाना अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए।बैठक में पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीओपी सतीश द्विवेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के साथ अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री, परिवहन और कारोबार पर कार्रवाई की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने जिले में 'रोको-टोको अभियान' को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों और छात्रावासों में नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित बैनर एवं फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। इनमें नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षति तथा नशे से दूर रहने के संदेश प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं।उन्होंने शिक्षण संस्थानों में नशामुक्ति की शपथ, जागरूकता कार्यक्रम, रैली, परिचर्चा और पोस्टर प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करने पर भी जोर दिया।

स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू बिक्री पर सख्ती

कलेक्टर ने शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा नाबालिगों एवं विद्यार्थियों तक तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की पहुंच रोकने को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया।बैठक में कलेक्टर ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार, बिक्री और परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन के साथ शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ नशे के खिलाफ जागरूकता और कार्रवाई की गतिविधियां लगातार प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

जैविक खेती और बायोगैस से आत्म निर्भरता की ओर बढ़े कृषक राजेश मरावी



डिंडौरी। डिंडौरी विकासखंड के ग्राम रकरिया निवासी कृषक राजेश मरावी ने जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती को टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। वे अपनी लगभग 5 एकड़ भूमि पर फसल उत्पादन के साथ पशुपालन, जैविक खाद निर्माण और बायोगैस का उपयोग कर कृषि को एकीकृत स्वरूप दे रहे हैं।कृषि विभाग की सहायक संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया एवं कृषि विस्तार अधिकारी ने कृषक के खेत का भ्रमण कर उनकी कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया। श्री मरावी के संयुक्त परिवार के 10 सदस्य कृषि एवं पशुपालन से जुड़े हैं और खेती के कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं।श्री राजेश मरावी अपनी भूमि पर खरीफ मौसम में धान, कोदो एवं रामतिल की खेती करते हैं, जबकि रबी मौसम में गेहूं, मसूर एवं चना का उत्पादन करते हैं। खेती में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए वे जैविक खाद के साथ जीवामृत और नीमास्त्र जैसे जैविक इनपुट का उपयोग करते हैं। इससे स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए खेती की लागत को नियंत्रित करने और मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।कृषक के पास 8 पशु हैं। पशुओं से प्राप्त गोबर का उपयोग जैविक खाद तैयार करने के साथ खेतों में किया जाता है। इसके अलावा, घर में स्थापित बायोगैस संयंत्र से खाना पकाने के लिए आवश्यक ईंधन की पूर्ति की जा रही है। इस तरह पशुपालन से प्राप्त संसाधनों का उपयोग खेत की उर्वरता बढ़ाने, जैविक खाद तैयार करने और घरेलू ईंधन की जरूरत पूरी करने में किया जा रहा है।श्री मरावी की कृषि व्यवस्था में फसल उत्पादन, पशुपालन, जैविक खाद निर्माण और बायोगैस का बेहतर समन्वय दिखाई देता है। उनका यह प्रयास दर्शाता है कि किसान उपलब्ध स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग कर खेती की लागत कम करने के साथ कृषि को अधिक टिकाऊ, संसाधन-कुशल और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। उनका यह मॉडल अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायी है।

बदहाल राह बनी ग्रामीणों की मुसीबत, एंबुलेंस पहुंचना भी मुश्किल

डिंडौरी। आजादी के 78 वर्ष बाद भी विकासखंड अमरपुर की ग्राम पंचायत खरगहना के आश्रित ग्राम वसनिया के ग्रामीण पक्की सड़क की सुविधा से वंचित हैं। मोहनझिर-भानपुर मुख्य मार्ग से भगवान वारा तक करीब दो किलोमीटर लंबा मार्ग आज भी कच्चा है। बारिश के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा समय-समय पर सड़क पर मिट्टी और मुरुम डाली जाती है, लेकिन बारिश होते ही सड़क की स्थिति फिर बदहाल हो जाती है। जगह-जगह गहरे गड्ढे और कीचड़ के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भी जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है।

बदहाल सड़क का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। बारिश के दौरान बच्चे कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार रास्ते में फिसलकर गिरने से उनकी किताबें, कॉपियां और यूनिफॉर्म तक खराब हो जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण बच्चों को रोजाना



परेशानी उठानी पड़ती है।ग्रामीणों के मुताबिक गांव में किसी व्यक्ति के बीमार होने या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का दावा है कि खराब रास्ते के कारण 108 एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को खाट या अन्य साधनों से मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह दूरी तय करना और भी मुश्किल हो जाता है।

वर्षों से मिल रहा सिर्फ आश्वासन

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर वे कई बार जनप्रतिनिधियों, जनपद पंचायत और जिला प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष आवेदन दे चुके हैं। कलेक्टर जनसुनवाई में भी समस्या रखी गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार हर बार उन्हें सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजे जाने अथवा आगामी बजट में काम होने का आश्वासन दिया गया, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़कों से जोड़ने के लिए शासन की विभिन्न सड़क योजनाएं संचालित हैं, तो वसनिया जैसे गांव तक अब तक पक्की सड़क क्यों नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत अमरपुर से मोहनझिर-भानपुर मुख्य मार्ग से भगवान वारा तक करीब दो किलोमीटर सड़क का स्थायी निर्माण कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं और किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

शांति समिति की बैठक में त्योहारों की व्यवस्थाओं पर मंथन



डिंडौरी। आगामी नवरात्र, दशहरा एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 11 से 20 अक्टूबर तक होने वाले धार्मिक आयोजनों के दौरान जिले में शांति, सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विसर्जन स्थलों पर भी आवश्यक इंतजाम समय से पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं। श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

विसर्जन मार्गों का होगा पूर्व निरीक्षण

कलेक्टर ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निर्धारित मार्गों का पूर्व निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग में आने वाले पेड़ों की आवश्यक छंटाई के साथ विद्युत तारों और कनेक्शनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि विसर्जन के दौरान किसी तरह की बाधा या दुर्घटना की स्थिति न बने।उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेखा सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

शाखा डिण्डोरी,
सिद्धबाबा मंदिर के सामने,
अमरकंटक रोड, डिण्डोरी, जिला डिण्डोरी मध्यप्रदेश 481880
ईमेल: dindin@bankofbaroda.com

ई- नीलामी विक्रय सूचना

संक्षिप्त वाहन ई-नीलामी सूचना

दृष्टिबंधक समझौते के तहत चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, गिरवीकर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को बंधक/प्रभारित की गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता द्वारा लिया गया है, नीचे दिए गए बकाए की वसूली के लिए 'जैसा है जहां है', और 'जो कुछ भी है' और 'बिना कानूनी सहारा के आधार पर' बेचा जाएगा। हिसाब किताब। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लिखित है-

क्र.	शाखा का नाम	शाखा/ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	बकाया राशि	चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम/संपत्ति का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक)	ई- नीलामी की दिनांक एवं समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड वृद्धि राशि	कब्जा की स्थिति रचनात्मक/ भौतिक	संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय
1	Dindori	जीतेन्द्र कुमार, 206 के, पापरानी डिंडोरी मप्र	Rs. 581519.51/- + ब्याज से एवं अन्य खर्चे	MAKE & MODEL - TATA TIGOR, REG NO- MP52CA1357 ENGINE NO- 105LCR02JRYW34739 CHASIS NO- MAT629151JKJ86114	12/11/2026 02:00 to 6:00 PM	Rs. 2,10,000/- Rs. 21,000/- Rs. 1000/-	Physical	10/11/2026 02:00 PM

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://bankofbaroda-in/eauction-html और https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी श्री अवधेश अवस्थी, फोन नंबर- 9752425072 से संपर्क कर सकते हैं।

स्थान- डिण्डोरी, दिनांक- 08.10.2026

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

जनसेवा यात्रा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणाः मंत्री श्री पटेल

कृत्रिम मशाल जलाकर निकाली यात्रा, पूर्व सैनिकों एवं खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण की अविराम यात्रा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यह अविराम यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई थी, जो आज 25 वर्षों के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रही है। यह बात कैबिनेट मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग प्रहलाद सिंह पटेल ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में सेवा ज्योति संकल्प यात्रा एवं ष्विकसित भारत संकल्प सभाष के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल की अगुवाई में स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। यह ज्योति कलश यात्रा जिले की चारों विधानसभाओं में जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही, विद्यार्थी, खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



हर वर्ग को मिल रही सुविधाएं

गरीब एवं वंचित वर्ग तक पहुंच रही योजनाओं की सुविधाएं मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब एवं वंचित वर्ग के पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से ऐसे पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनके सिर पर पक्की छत नहीं थी। जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक नल से जल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गंभीर बीमारियों से पीड़ति पात्र व्यक्तियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध हुई है। योजना के तहत पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को उपचार के खर्च की चिंता से राहत मिली है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज की नई पीढ़ी खेल, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है।



शिक्षा के लिए योजनाओं का ले लाभ

मंत्री श्री पटेल ने श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों से संबंधित राशि का प्रावधान श्रमिक कल्याण के लिए किया जाता है। संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बच्चे इन योजनाओं की जानकारी रखें और पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि श्रमिक परिवार का एक विद्यार्थी विदेश में अध्ययन कर रहा है, जिसकी शिक्षा का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिक का कोई अन्य पात्र बच्चा विदेश में उच्च शिक्षा के लिए जाता है तो नियमानुसार उसे भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिस प्रकार सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की सुविधा मिलती है, उसी प्रकार श्रमिकों के लिए भी अटल पेंशन योजना जैसी योजनाएं संचालित हैं।

अच्छे चरित्र के निर्माण का आह्वान

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक नशे की प्रवृत्ति है। सफलता के लिए केवल धन पर्याप्त नहीं है, बल्कि अच्छा चरित्र और आचरण भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को लेकर विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि बच्चों का संवाद यदि अभिभावकों, मित्रों एवं शिक्षकों के बजाय केवल मोबाइल तक सीमित हो जाए तो उनके भटकने की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने पूर्व सैनिकों तथा खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों, प्राकृतिक खेती में बेहतर कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों एवं पूर्व सैनिकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात यात्रा भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए सुभाष पार्क से नगर पालिका चैराहा होते हुए स्टेडियम में समाप्त हुई।

लोकल फॉर वोकल विषय पर एक काउंसलिंग सत्र का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत लोकल फॉर वोकल विषय पर एक काउंसलिंग सत्र का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। काउंसलिंग सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अलग- अलग क्षेत्रों में विभिन्न रोजगार के अवसरों से परिचित कराया गया। जिसमें ग्रो-स्किल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एवं फाउंडर सोवरन सिंह पटैल एवं शिवम दीक्षित द्वारा विद्यार्थियों को कम्प्यूटर एवं आई.टी. के क्षेत्र में रोजगार की सम्भावनाएं एवं महत्व के बारे में बताया।

बालिका शिक्षा बेटी पढ़ाओ के विषय पर प्रतियोगिताएं हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। ऑल इंडिया लीनेस क्लब ष्संस्कारष द्वारा शिव प्राथमिक शाला में बालिका शिक्षा बेटी पढ़ाओ के विषय पर अनेक प्रतियोगिताएं बालिकाओं के बीच संपन्न करवाई। जिससे बालिकाओं की प्रतिभा उजागर हो और उनमें आत्म बल ऊर्जा उत्साह का संचार हो। जिसमें सिद्धि कहार जुनेरा बी गुंजन काछी नूजत साबरीन आरती यादव उच्च स्थान पर रहीं। चेयरपर्सन शालू भाटिया द्वारा प्रतिभागी बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। पर्यावरण चेयरपर्सन लीनेस सुषमा तिवारी और मनीषा टंडन द्वारा स्कूल शिक्षिकाओं श्रीमती प्रभा डेहरिया श्रीमती दीप्ति विश्वकर्मा श्रीमती सुनीता त्रिपाठी श्रीमती शैलजा चौबे का गुलाब के पौधे फूल माला से सम्मानित किया। डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी ने इन बालिकाओं को देश का भविष्य बताया वही अध्यक्ष रचना त्रिवेदी मैं इन्हें हर हुनर में पारंगत होने पर जोर दिया। सचिव ज्योति पचैरी उसे अध्यक्ष वत्सला त्रिवेदी सुषमा मिश्रा कीर्ति पालीवाल समस्त स्कूल स्टाफ और छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा। कीर्ति पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में चावरा व संदीपनी स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों से ओतप्रोत गीतों की गूंज के बीच भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता - 2026 में नरसिंहपुर शाखा व विवेकानंद शाखा के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की टोली ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हिंदी एवं संस्कृत गीत प्रस्तुति में नरसिंहपुर शाखा के चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर द्वितीय और नेहरू हा. से. स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। वहीं विवेकानंद शाखा के सांदीपनि सीएम राइज स्कूल ने हिंदी एवं संस्कृत गीत प्रस्तुति में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त दोनों शाखाओं के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को आगामी 16 अक्टूबर को दमोह में आयोजित प्रान्त स्तर में अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। दोनों शाखाओं की संयुक्त लोकगीत प्रतियोगिता में सांदीपनि सीएम राइज स्कूल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर द्वितीय तथा चावरा विद्यापीठ तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गीतों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और संस्कारों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी। हिंदी गीत, संस्कृत गीत एवं लोकगीत की प्रस्तुति का मूल्यांकन निर्णायकगणों सुषमा तिवारी, पूजा बमनेले एवं पंकज सागर ने स्वर, संयोजना, ताल, उच्चारण एवं प्रस्तुतिकरण के आयामों के आधार पर किया पुरस्कार वितरण समारोह में भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत के संरक्षक इंजी. सरदार सिंह पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों में संस्कारों का बीजारोपण करने के लिए भारत विकास परिषद पूरे देश में ऐसे आयोजन निरंतर कर रहा है। तेंदूखेड़ा से पधारे पर्यवेक्षक पं. सुधीर मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रांत संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा, जिला समन्वयक राजेंद्र राजपूत, शाखा अध्यक्ष उमेश दुबे एवं राजेश नेमा, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम धोरेलिया, लक्ष्मण वैष्णव, सुरेश नेमा, शिरीष पुरोहित सहित परिषद के सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय सदस्य जितेंद्र शर्मा, रीजनल अध्यक्ष इंजी. सुनील कोठारी, रीजनल महिला प्रमुख भारती कौरव, प्रांतीय मार्गदर्शक संजय तिवारी एवं प्रांत महिला प्रमुख अर्चना सोनी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



नगर की प्रस्तावित सीमा वृद्धि को लेकर मंत्री श्री पटेल ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नगर पालिका परिषद की प्रस्तावित नगरीय सीमा वृद्धि को लेकर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरसिंहपुर नगर की प्रस्तावित सीमा के विस्तार, इसमें शामिल किए जाने वाले ग्राम एवं क्षेत्रों तथा सीमा विस्तार से होने वाले संभावित विकासात्मक एवं प्रशासनिक लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित नगरीय सीमा में नरसिंहपुर तहसील के जरजोला, नंदवारा, सिमरिया, खमरिया, करहैयाखेड़ा, सूरजगांव, रोंसरा, खमतरा, मगरधा, नकटुआ, देवरीकलां, कुकवारा, बॉसकुंवारी, डेडवारा, झगरहाई, डोकरघाट एवं डोंगरगांव तथा करेली तहसील के खैरीनाका, मैनावारी एवं तिघरा को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर प्रस्तावित सीमा विस्तार के संबंध में विचार विमर्श किया गया। सीएमओ नरसिंहपुर गजेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि प्रस्तावित सीमा विस्तार के बाद कुल 7,410.11 हेक्टेयर अर्थात 74.10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र नगरपालिका सीमा में शामिल होगा। वर्तमान में नरसिंहपुर नगर पालिका का क्षेत्रफल 14.71 वर्ग किलोमीटर है। बैठक में प्रस्तावित सीमा विस्तार से क्षेत्र में होने वाले संभावित लाभों पर भी चर्चा की गई।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासकीय हाईस्कूल खापा शेढ़ में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क पर सुरक्षित आवागमन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ कुबेर सिंह पटेल, भूपेन्द्र पटेल, ओंकार गोस्वामी, गेन्दालाल काछी, प्रशांत सिंगोतिया एवं आकांक्षा राजोरिया द्वारा विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में अवगत कराया। विद्यार्थियों से विभिन्न नियमों एवं सड़क पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में प्रश्न पूछे गए तथा उनके विचार भी जाने गए। विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी रखने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के बारे में बताया गया। साथ ही रात के समय सड़क पर चलते हुए रिफ्लेक्टिव या हल्के रंग के कपड़े पहनने के महत्व को भी समझाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों को समझा और उनका पालन करने का संकल्प लिया। विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को स्वयं सुरक्षित रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।





कलेक्टर ने ली सहकारी बैंक की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की प्रशासक श्रीमती रजनी सिंह ने सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधकों की बैठक में बैंक की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में ऋण वितरण, ऋण वसूली, अमानत संग्रहण एवं लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कालातीत सदस्यों से ऋण वसूली की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि उपार्जन के लिए पंजीकृत कृषकों की सूची में कालातीत सदस्यों को चिन्हित कर उनकी ऋण वसूली के लिए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बैंक में कालातीत सदस्यों के संचालित बचत खातों में जमा राशि से नियमानुसार वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 8 अक्टूबर को जिले में विभिन्न विभागों द्वारा सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर द्वारा ग्राम दहलबाड़ा एवं ग्राम मुर्गाखेड़ा में पेयजल स्रोतों की सफाई तथा टंकी परिसर में पौधारोपण किया जाएगा।

शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र इस वर्ष देवी का आगमन हाथी पर, दस दिनों के होंगे नवरात्र



50 वर्षों में छठी बार बना आराधना का ऐसा संयोगप्रत्येक वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि आरंभ होते है। 9 दिन तक जगह-जगह पर देवी दुर्गा की मूर्तियों से पंडाल सजते हैं और मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा अर्चना होती है। दुर्गासप्तशती पाठ कर जवारे बोये जाते हैं। भक्त 9 दिन का व्रत रखते हैं और हर दिन मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करते हैं। इस दौरान कन्या पूजन एवं बटुक पूजन का विशेष महत्व है। हिन्दू पंचांग के अनुसार आश्विन महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 10 अक्टूबर को रात 10 बजकर 6 मिनट पर होगी। इस तिथि का समापन 11 अक्टूबर को रात 8 बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 11 अक्टूबर 2026 से होगी।घटस्थापना मुहूर्त - अभिजीत मुहूर्त प्रात 11:37 से 12:23 तक रहेगा ।मास्करोदयामारभ्य यावत्तु दश नाडिकाः ।प्रातः काल इति प्रोक्तः स्थापनारोपणादिशु ।। विष्णु धर्मसामान्यतया सूर्य उदय से 10 घटी (चार घंटा) तक प्रातः काल में घट स्थापना करके सभी भक्त मां दुर्गा की पूजा-अर्चना आरंभ करते हैं।

विभिन्न रोगों से जूझ रही धान की फसल, लाल पीली के साथ बालियां पड़ रहीं सफेद

तेंदूखेड़ा धान की फसल 60 से 70 दिन की हो चुकी है।वारिस लेट शुरू होने के कारण बिलंब से रोपा डलने और बिलंब से ही रोपाई होने के साथ इस बार फसल को उचित माहौल नहीं मिल सका। किसानों का कहना है कि धान में भूरा माहू मच्छर का अटैक देखा जा रहा है वहीं अचानक मौसम में गर्माहट आ जाने के कारण फंगस लग रही है।वाससमति धान में गर्दन तोड़ रोग लगा हुआ है।कम खर्चे के चक्कर में कुछ किसानों ने क्रांति और 10-10 प्रजाति की धान छिडका सीडड्रिल से बोनी कर तो ली थी लेकिन उनके लिए यह घाटे का सौदा होता नजर आ रहा है।अब स्थिति यह बनीं हुई है कि फसल कहीं उगी नहीं और उगी भी तो फिर ग्रोथ भी नहीं कर पाई है। किसानों को अपनी फसल की लागत की ही चिंता सता रही है।यदि समर्थन मूल्य पर धान बिक रही है तो ठीक है नहीं तो किसानों को नुक्सान होने की आशंका बनीं हुई है।



सोयाबीन उड़द में लागत के लाले

सोयाबीन और उड़द फसल को उचित मौसम ना मिल पाने के वह शुरू से ही अपनी खानदानी बीमारियों से ग्रसित बनीं रही इन फसलों को जब पानी की जरूरत थी तब धूप और जब धूप की जरूरत थी तब बादल छाए रहने के साथ साथ किसानों द्वारा समय पर उचित ध्यान नहीं दिया जिस कारण से यह फसल घाटे का सौदा साबित हो गई।अब स्थिति यह बनीं हुई है कि फसल को कटाने में ही लागत ज्यादा आने उपज कम निकलने के कारण मवेशियों के हवाले करने में ही फायदा है।जो लागत मूल्य लगा उतना ही घाटा रहेगा। बल्कि जिन किसानों ने समय पर फसल में दवाईयां डाल दी और पानी के समय पानी दे दिया उन्हें थोड़ा बहुत हाथ ही लग गया।

अरहर और मक्का फसल करायेगी घाटा कबर

किसानों की माने तो इस बार मक्का और अरहर की फसल ही खरीफ सीजन की अन्य फसलों के नुकसान की भरपाई करा सकती है। अधिकांश क्षेत्रों में तो मक्का टूटने लगा है।पिछले सालों की अपेक्षा इस वर्ष अरहर की फसल ठीक स्थिति में दिख रही है। फिर भी कहीं कहीं इस फसल में भी पत्ता लपेट हरी इल्ली हरा मच्छर तथा कुछ पौधों में बझुंआपन देखने को मिल रहा है।

रवि मौसम की फसल को होगी पानी की समस्या

पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष पानी कम बरसा है। वहीं पूरे सीजन में एक या दो बार नदी नाले उफान पर दिखे हैं।बाकी समय सामान्य स्थिति बनी रही है।इस बार ना तो सही तरीके से तालाब भर पाये हैं और ना ही नरवा नालों में पानी बह पा रहा है।धान कट जाने के बाद रवि मौसम की फसल के लिए खेत सुधारने पलेवा के लिए जब पानी की जरूरत पड़ेगी उस समय की भी स्थिति काफी गंभीर बन सकती है।

व्यसन मुक्त समाज निर्माण को लेकर एनएसएस के छात्रों ने किया जनजागरण



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महाविद्यालय के छात्रों द्वारा व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिशा में जनजागरण किया जिसमें एन एस एस के छात्रों ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया ।तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक मानसिक सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नशे की आदत से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं परिवार तथा समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों को नशा मुक्त जीवन जीने तथा स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य शिक्षा परिवार एवं भविष्य को प्रभावित करता है। अतः नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीना आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस विद्याभारती की योजनानुसार माधव ग्राम भारती के तत्वाधान में संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें संकुल के 05 विद्यालयों सरस्वती शिशु मन्दिरों ने भाग लिया तेंदूखेड़ा काचरकोना टेकापार पीपरवानी बिलहरा से कुल 44 भैया वहिनों ने भाग लिया। और व्यक्तिगत गीत चित्रकला रंगोली भजन गायन गीतापाठ कथा कथन एकल अभिनय प्रश्नमंच वन्देमातरम गायन सरस्वती वंदना मूर्तिकला आदि 19 प्रतियोगिताओं मे सहभागिता दी गई ।उघाटन सत्र में भानु प्रजापति प्रभारी प्राचार्य शास कीय महाविद्यालय अध्यक्षता बसंत खरोनिया विशिष्ट अतिथि बसंत पटेल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ एवं जिला समन्वयक गोविन्द सिंह किरार शैलेन्द्र पटेल नीरज राय तथा समापन सत्र में महीष मोदी जिला उपाध्यक्ष भाजपा हीरेन्द्र कुमार नायक कोषाध्यक्ष माधव ग्राम भारती प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सभी मैया बहिनों को प्रमाण पत्र पुरस्कार प्रदान किये गये। संचालन एवं आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द प्रसाद ने किया।इस मौके पर संकुल विद्यालयों से राजेश किरार यशवंत पटेल लक्ष्मण पटेल विनोद शुक्ला पूरनलाल चढ़ार स्थानीय विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे। प्रथम स्थान पाप्त करने वाले भैया बहिनों को जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव के लिए बसखेडा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगें।